Session Trial Case No.74/2022
शासन विरूद्ध प्रहलाद खलखो

Witness No.03.... For ........**अभियोजन साक्षी** .... ...Deposition taken............

the 06/08/2024 day of मंगलवार Witness's apparent Age उम्र 52 वर्ष... ... .

State on affirmation ..शपथ पूर्वक ... My name is.जलंधर सिदार...................

S/O.D/O.W/O. श्री पीताम्बर.सिदार...Occupation... पटवारी प.ह. 32.............

Address –भेलवाटिकरा थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़(छ.ग.).........................

**साक्ष्य प्रारंभ– 12.30 बजे**

**मुख्य परीक्षण द्वारा श्रीमती विमला महंत, अपर लोक अभियोजन वास्ते– शासन**

1. मैं दिनांक 29.12.2021 से दिनांक 15.02.2023 तक ग्राम गोवर्धनपुर रायगढ़ प.ह.नम्बर 55 में पटवारी के पद पर पदस्थ था । दिनांक 29.09.2022 को पुलिस थाना चक्रधरनगर रायगढ़ के द्वारा तहसीलदार रायगढ़ को थाना चक्रधरनगर के अपराध क्रमांक 487/2022 धारा 307 भा.द.सं. के प्रकरण में घटना स्थल का नजरी नक्शा हल्का पटवारी से प्रदान करने के संबंध में एक तहरिर भेजा गया था । उक्त तहरिर को मेरे द्वारा दिनांक 12.10.2022 को प्राप्त किया गया था । तहरिर **प्रपी० 07** है जिसके अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है । मेरे द्वारा दिनांक 23.10.2022 को ग्राम गोवर्धनपुर में जाकर आहत नूरपति खलखो के बताये अनुसार घटना स्थल पर जाकर नजरी नक्शा गवाहों के समक्ष तैयार किया हूं । नजरी नक्शा **प्रपी० 08** है जिसके अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है ।

**प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री बी. पी. पटेल, अधिवक्ता वास्ते आरोपी–**

2. यह कहना सही है कि मुझे थाना चक्रधरनगर के माध्यम से तहसीलदार रायगढ़ द्वारा मुझे घटना स्थल का नजरी नक्शा प्रदान करने हेतु कोई प्रतिवेदन नहीं मिला था । यह कहना गलत है कि मेरे द्वारा नूरपति खलखो एवं सुशील के समक्ष नजरी नक्शा तैयार नहीं किया हूं । यह कहना गलत है कि मेरे द्वारा मौके पर जाकर नजरी नक्शा तैयार नहीं किया गया है ।

**साक्ष्य समाप्त–12.45 बजे ।**

गवाह को बयान पढ़कर सुनाया
समझाया, सही होना स्वीकार किया ।

मेरे निर्देश पर टंकित

सही/–
(जितेन्द्र कुमार ठाकुर)
द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश,
रायगढ़ (छ.ग.)

सही/–
(जितेन्द्र कुमार ठाकुर)
द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश,
रायगढ़ (छ.ग.)

सही/–
गवाह के हस्ताक्षर